# NEWS *Letter* *Vol-8(2)*

Atal Bihari Vajpayee University, Bilaspur (C.G.)

***News Letter July-Dec, 2019***









(A state University established under Chhattisgarh Act No. 07, 2012)

Recognised by the UGC (Letter No. F.9.8/2012 (CPP-1/PU) AIU
(Letter no. MEET/MEM/2012/july 31,2012) and Bar Council of India (BCI)
Bilaspur - 495001, Chhattisgarh (India)
www.bilaspuruniversity.ac.in













Progress of University building construction under the RUSA

## From the Vice Chancellors Desk ......................



I take the pleasure of placing before the readers the latest issue of the newsletter. In last semester the university witnessed an enormous activities on occasion of 150th birth anniversary of Mahatma Gandhi "The Father of the nation."

The second convocation of our university was successfully accomplished with award of 120,031 degrees and 127 gold medals on 15th September, 2019 with the gracious presence of the Chancellor Ms Anusuiya Uikey, Hon'ble Governor Chhattisgarh and Prof. D.P. Singh as Chief Guest, Chairman, University grants Commission, Shri Umesh Patel, Honourable Minister of Higher Education, Honourable Minister, Shri Tamradhwaj Sahu, Honourable Cabinet Minister, Shri Jai Singh Agrawal, Leader opposition, Shri Dharamlal Kaushik, Honourable Member of Parliament, Shri Arun Sao, Mayor, Shri Kishor Rai were also present in the convocation.

Under the aegis of Association of Indian universities and Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya successfully hosted the Central Zone Vice-Chancellors Meet on- "Improving Access and governanace in Indian Higher Education". Nearly 40 Vice-Chancellor's from Central Zone Universities and officials from UGC, AICTE and NAAC participated.

The session witnessed vigorous lectures focused on various aspects involving GST, Biofilms, Scientific paper writing etc which enhanced the students vision and resulted in improved perspective. There were three workshops organized based on SWAYAM portal, NAAC Awareness and Water harvesting system. The equal opportunity cell elaborated subject specific classes in Physics & Life Sciences apart from general paper. Diploma course in Cyber Security and Cyber Law was successfully initiated. Computer literacy course was iniciated during the month of August.

On the academic front the university was the first to frame the LOCF syllabus according to the UGC guide lines. Afetr approval through the Board of studies and academic council the syllabus was successfully implemented from the first semester in each department.

The NSS bagged first position in cultural event and Second position in model at state level camp in Raipur. Activities like plantation, Fit India movement, clean and green department, Gandhi Jayanti were successfully organized in the University campus. An innovative programme of Yoga for all was successfully completed in the University campus.

I congratulate the women kick boxing team for securing 3rd rank on National platform by securing 2 gold, 2 silver and 6 Bronze and bringing laurels to the University in the field of sports.

I wish all the readers a happy and prosperous new year and wish them great success in their endeavors.

**(Prof G.D. Sharma)**
**Vice-Chancellor**

## विद्यापरिषद एवं कार्यपरिषद की बैठके


अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर कुलपति सभागार प्रथम तल में विद्यापरिषद की आयोजित बैठक दिनांक 11. 09. 2020 का कार्यवृत्त :–

- अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह दिनांक 14–09–2019 से संबंधित तैयारियों की औपचारिकताओं से अवगत कराना।
- सत्र 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 की प्रावीण्य सूची के अनुमोदन पर विचार।
- बेनी स्वीफ विश्वविद्यालय, बेनी स्वीफ, ईजिप्ट और अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के बीच एम.ओ.यू. करने के प्रस्ताव पर विचार
- विश्वविद्यालय विषय :– विद्यापरिषद् की पन्द्रहवीं बैठक (आपात) दिनांक 11–09–2019 में लिये गये निर्णय के कार्यवृत्त का अनुमोदन पर विचार।





## विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं की संख्या




## Student Union 2018 - 19

Student Union formation of is one of the major event of UTD, Atal Bihari Vajpayee University. It is a process where office bearers and class representatives are nominated on the basis of Merit. The students securing highest marks in the preceding examination shall be nominated provided that:

a. The office bearer of the council shall be only those students who have passed the qualifying examination in one attempt only and;

b. If the nominated class representative/ office bearer does not accept the nomination due to some reasons, the next eligible student can be nominated by the principal as class representative/office bearer.

c. One student can hold only one office.

University teaching department, Atal Bihari Vajpayee University has successfully conducted Student union Election 2019-20. Student council for this session has been formed following Amended Ordinance 1.

It was the 3rd time that UTD has followed the nomination procedure. Process of nomination was conducted under the guideship of Mr. Harry george, Professor In-Charge UTD & Mr. Dharmendra Kashyap, Assistant Professor & co In-charge. It was grand success as all the students were disciplined and maintained the decorum.

The complete process was headed by Patron for UTD, Professor G.D Sharma, Honourable Vice Chancellor, Atal Bihari Vajpayee University., Bilaspur.

## Following candidates were selected on the basis of merit for the office bearer positions:

| | | | |
|---|---|---|---|
| President: | Prachi Wilson | CFS-M. Com Final: | 86.80% Marks |
| Vice- President: | Aditya Raj Gupta | CFS-M. Com Previous: | 88% Marks |
| Secretary: | Tripti Yadav | FPT-B. Sc 5th Sem | 89.4% Marks |
| Joint Secretary: | Varsha Kashyap | CFS-B. Com 3rd Sem | 87.2% Marks |





According to the reservation system for women candidate lotteries were picked up in presence of teachers and students for the post of Class Representatives (C.R) of 20 different sections from 5 departments of UTD. Joint-Secretary post was reserved for Women candidate in Office bearers posts. Out of total 24 seats 20 from office bearer and 20 from C.R 75% seats belong to women candidates.

An Oath ceremony was conducted by Honourable Vice Chancellor Professor G.D Sharma in presence of all faculty members and students for all newly selected candidates on 30 September, 2019 at UTD Campus.

## Quality and excellence in Higher Education - NAAC Awareness workshop

Two days NAAC Awareness workshop for Quality and excellence in Higher Education," was held on 26th and 27 July' 2019.On the first day of workshop our keynote speaker was Dr. A.P. Padhi he oriented regarding the importance of NAAC in the present context of Higher Education. He said that accreditation helps in inspection as well as introspection of the organisation. In 1st technical session Dr. D.K. Srivastav executed the process of NACC and Focused on the issues accumulating and related problem solving in C.G. StateThe next technical session was conducted by Dr. M.R. Kurup who exercised with the preparation of SSR and gave brief explanation to fetch higher marks during accreditation through proper documentation and making the institution learner centric in context of education. The next session was conducted by Dr. A.K. Rai who gave a detailed presentation of 7 criteria of NAAC and later focused on the 7 criteria of innovations and best practices. we are highly obliged to have Dr. Ganesh Hegde from NAAC who focused on the improvement in quality of Education through NAAC Accreditation.





## YOGA FOR ALL सभी के लिये योग

योग विज्ञान विभाग के अंतर्गत YOGA FOR ALL सभी के लिये योग कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसके माध्यम विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग द्वारा बिलासपुर नगर के सभी नागरिकों को निःशुल्क योग प्रशिक्षण देने की व्यवस्था है। इस कार्यक्रम की शुरूवात 18 अगस्त, 2019 को विश्वविद्यालय में माननीय कुल सचिव महोदय डॉ. सुधीर शर्मा जी की उपस्थिति में की गई, जिसकें अंतर्गत प्रत्येक रविवार को समस्त बिलासपुर वासियों को विभाग के योग प्रशिक्षकों के द्वारा योग प्रशिक्षण दिया जाता है जिसके वर्तमान 13 कक्षाएँ संचालित किये जा चुके है जिसके अन्तर्गत लगभग 480 लाभार्थियों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस प्रशिक्षण हेतु लाभार्थियों को 06 माह के लिये मात्र 10/– रूपये शुल्क पंजीयन हेतु निर्धारित किया गया है, जिसमें अलग–अलग बीमारियों के लिये उनके अनुसार योग प्रशिक्षण की व्यवस्था है।



## राष्ट्रीय सेवा योजना, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय

जल संरक्षण पर केंद्रित जल शक्ति अभियान (वाटर हार्वेस्टिंग)– भारत सरकार, पेय जल, स्वच्छता तथा जल शक्ति मंत्रालय तथा एनएसएस निदेशालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 01 जुलाई से 30 नवम्बर, 2019 तक दो चरणों में स्वैच्छिक रूप से जल संरक्षण पर केंद्रित जल शक्ति अभियान का आयोजन नगर निगम के एवं रासेयो के सहयोग से नगर की 28 रासेयो इकाईयों नगर निगम के विभिन्न वार्डो में जल संरक्षण के लिये रैनवाटर हार्वेस्टिंग, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और प्लास्टिक मुक्त बिलासपुर नगर के लिये अभियान चलाया गया। इस अभियान प्रारंभ करने से पूर्व नगर निगम के सहायक आयुक्त श्री खजांची कुम्हार के द्वारा स्कूल एवं कॉलेज के एनएसएस के स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा (1 अगस्त से 15 अगस्त, 2019) क्षेत्रीय निदेशालय, रासेयो भोपाल एवं राज्य एनएसएस अधिकारी छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर के निर्देशानुसार दिनांक 01 से 15 अगस्त 2019 तक समस्त रासेयो इकाईयों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छता पखवाडे के अन्तर्गत सभी इकाई अपने संस्था के कक्षा, लेब, लाईब्रेरी, टायलेट, सभागार, रोड एवं ग्राउंड की साफ–सफाई की गई इसमें लगभग 1435 छात्र एवं छात्राओं ने सहभागी हुए।

इसी प्रकार रासेयो सभी इकाईयों द्वारा अपने गोद ग्राम एवं ग्राम में डोर टू डोर अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व जैसे खुले में शौच न करने एवं खाने के पहले हाथ धोकर खाने की सलाह दी गई। रासेयो इकाइयों के स्वयं सेवकों द्वारा अपने गोदग्राम/बस्तीयों में जाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया एवं अपने घरों के आस–पास के वातावरण को स्वच्छ/साफ सफाई रखने की जिम्मेदारी दी गई साथ ही अस्पताल, औषधालय, सामुदायिक केन्द्रों, वृद्धा आश्रम, अनाथालयों, बस स्टैण्ड, रेल्वेस्टेशन, चौक–चौराहे में स्थित मूर्तियों आदि स्थानों की साफ–सफाई, स्वच्छता हेतु जनजागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इकाईयों द्वारा ध्वजारोहण तश्चात् अपने नगर/बस्ती /गोदग्राम में स्वयंसेवको द्वारा साफ–सफाई बनाए रखने हेतु लोगों को जागरूक किया गया।




एक दिवसीय बैठक सह कार्यशाला– 03 अगस्त 2019 को रायगढ़ जिले में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों का एक दिवसीय बैठक सह कार्यशाला शासकीय पी.डी. कामर्स महाविद्यालय, रायगढ़ में सम्पन्न हुआ। जिला संगठक डॉ. के. एस. एक्का, एवं अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय रासेयो समन्वयक डॉ. मनोज कुमार सिन्हा की उपस्थित में सम्पन्न हुई। रासेयो सी प्रमाण पत्र हेतु मौखिकी– अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के रासेयो प्रकोष्ठ में सी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं की मौखिकी हेतु दिनांक 08.08.2019 को परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 05 जिलों के 68 छात्र/छात्राओं ने मौखिकी की परीक्षाएँ दी। इस मौखिकी परीक्षा में डॉ.संजय तिवारी एवं डॉ. विमल पटेल के द्वारा मूल्यांकनकर्ता के रूप में स्वयं सेवको का मौखिकी परीक्षा लिया गया ।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस -

8 अगस्त, 2019 को भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार समस्त रासेयो स्कूल / महाविद्यालयों में स्वयंसेवको एवं कायक्रम अधिकारियों के माध्यम से 1 से 19 वर्ष के बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल की गोली खिलायी गई ।



## सद्भावना दिवस -

20 अगस्त, 2019 को विश्वविद्यालय के रासेयो इकाईयों द्वारा पूर्व प्रधान मंत्री स्व.राजीव गांधी की जयंती को "सद्भावना दिवस" के रूप में मनाया गया जिसमें रासेयो इकाइयों द्वारा सदभावना रैली, शपत, चित्रकला, रंगोली, भाषण, वृक्षारोपण इत्यादि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## फीट इण्डिया कार्यक्रम - 2019

29 अगस्त, 2019 को हॉकी के जादूगर ध्यानचंद का जन्मदिवस को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'फिट इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य लोगों को शारीरिक रूप से सेहतमंद रहने के लिए प्रेरित व जागरूक करना है। पीएम मोदी ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में इस अभियान को लॉंच किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का लाइव प्रसारण विश्वविद्यालय के सभागार में दिखाया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी को माननीय कुलपति महोदय प्रो. जी.डी. शर्मा द्वारा फिट रहने हेतु शपथ भी दिलाया गया। इस उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के द्वारा छात्र–छात्राओं के लिए थ्री–लेग रैस का आयोजन भी किया।

फिट इंडिया आंदोलन– अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के लगभग 200 रासेयो इकाईयों द्वारा दिनांक 29 अगस्त 2019 को फिट इंडिया आंदोलन के कार्यक्रम / शपथ ग्रहण लाईव प्रसारण दूरदर्शन एवं सोशल मिडिया के माध्यम से लिया गया।

## पोषण माह

1 सितम्बर से 30, सितम्बर 2019 अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के रासेयो इकाईयों द्वारा 10 से 19 वर्षो के बच्चों के लिये पोषण अभियान चलाया गया जिसमें संतुलित आहार एवं भोजन के विकार पर कक्षा में व्याख्यान गोद ग्राम में कुपोषण जैसे मुददों पर नुक्कड़नाटक, रैली, पोषण विशेषज्ञो द्वारा मोटापे पर जनजागरूकता व्याख्यान, शरीर को फिट रखने के लिये व्यायाम का महत्व, पोषण के मुददों पर डोर डू डोर केपेंन पोस्टर बनाना और उनका प्रदर्शन किया। (डिब्बा बंद खादय पदार्थ के प्रभाव पर) विश्वविद्यालय के रासेयो इकाई में यह अभियान चलाया गया इन इकाईयों की संख्या 146 थी।

## प्री आर.डी.सी. विश्वविद्यालयीन स्तर पर छात्र/छात्राओं का चयन

17 सितम्बर, 2019 युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में विश्ववविद्यालय स्तरीय रासेयो पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2019 हेतु स्वयं सेवकों का चयन किया गया जो नई दिल्ली गणतंत्र परेड में भागीदारी करेंगें । इस शिविर में 30 छात्र, छात्राओं में सहभागिता की। चयन समिति में डॉ.एम मेहत, श्रीमती रेखा गुल्ला, श्री अनिल गढ़ेवाल, प्रो.यूपेश चन्द्राकर, डॉ. वाई.के तिवारी एवं रासेयो निदेशालय,भोपाल के युवा अधिकारी श्री दीपेन्दर उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित थे। प्री आर डी सी हेतु निम्न छात्र/छात्राओं का चयन किया गया– कु. गीतांज़ली पैकरा, कु. रितु टंडन, परदेशी धुरी, प्रेम कुमार, राहुल नरूटी, कु. पुष्पलता यादव एवं गगन यादव में चयन हुई।



## स्थापना दिवस

24 सितम्बर, 2019 ''राष्ट्रीय सेवा योजना की 50वीं स्थापना दिवस'' को स्वर्ण जंयती के रूप में रायपुर में साइंस कॉलेज मैदान स्थित पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के पाँचो जिलों के 60 स्वयं सेवक एवं जिला संगठक/कार्यक्रम अधिकारियों ने सहभागिता की । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, श्री उमेश

पटेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माननीय श्री विकास उपाध्याय जी, वरिष्ठ विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा जी, कुलपति महोदय, डॉ. केशरी लाल वर्मा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर एवं सचिव, उच्च शिक्षा छ.ग. शासन, श्री सोनमणी बोरा जी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के स्वयं सेवकों ने सांकृतिक कार्यक्रम में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं माननीय मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कृत हुए। इसी तरह राज्य के सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी का पुरस्कार डॉ. पी.एल. चन्द्राकर सी.एम.डी. महाविद्यालय, बिलासपुर को दिया गया उन्हें भी मुख्यमंत्री के हाथों प्रशस्ती पत्र एवं रू. 5000 की राशि प्रदान किया गया। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी, विश्वविद्यालय रासेयो के कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. मनोज सिन्हा, समस्त इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी, पांचों जिला के जिला संगठकों एवं स्वयं सेवकों को प्रो.जी.डी.शर्मा माननीय कुलपति अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने बधाई दी है तथा उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की।

## 150वी गांधी जयंती

02 अक्टूबर, 2019 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150 वीं जयंती पर एनएसएस प्रकोष्ठ नगर इकाई अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय एवं रोटरी क्लब बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में विशाल स्वच्छता जागरण रैली एवं जतिया तालाब की सफाई की गई। इस कार्यक्रम लगभग 1000 रासेयो स्वयं सेवको ने सहभागिता की। इस अवसर पर कुलपति महोदय प्रो.जी.डी.शर्मा ने कहा कि जतिया तालाब की सौंदर्यीकरण प्रगति पर है किन्तु तालाब के जल में तैर रहे प्लास्टिक जल को जहरीला बना रहे हैं तालाब की सफाई के लिए गहन अभियान चलाने की आवश्यकता है। एनएसएस के छात्रों ने तालाब की सफाई के दौरान पालीथीन इकट्ठा कर नगर निगम की सफाई विभाग को दिये।



## वृहद मानव श्रृखला

04 अक्टूबर, 2019 को महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा वृहद मानव श्रृखला बनाकर प्लास्टिक बंद करने के लिए जागरूक किया। महात्मा गाधी जी की 150वीं जयंती को गांधी सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओं को ने अपने स्वयं के द्वारा बनाये पोस्टर के द्वारा गांधी चौक से डी.पी. विप्र महाविद्यालय तक वृहद मानव श्रृंखला बनाकर लोगो में प्लास्टिक बंद करने के लिए जागरूक किया। इस मानव श्रृंखला को विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. जी.डी.शर्मा एवं कुलसचिव, डॉ. सुधीर शर्मा जी ने हरी झंडी दिखाकर किया।









नेक भास्कर

05-Oct-2019
Page 4

## श्रृंखला बना, थैले बांटकर लोगों को जागरूक किए छात्र

बिलासपुर. अटल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर प्लास्टिक बंद करने लोगों को जागरूक किया।



## राज्यस्तीरय समीक्षा बैठक

04 नवम्बर, 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, रासेयो प्रकोष्ठ बिलासपुर में आयोजित किया गया। इसका मुख्य एजेण्डा निम्नवत् है:–

1) मान्नीय मुख्यमंत्री जी की पुरस्कार संबंधी घोषणा के संबंध में । 2) मान्. मुख्यमंत्री जी की राज्य स्तरीय शिविर का घोषणा के संबंध में। 3) इकाईयों के विशेष शिविर आयोजन संबंधी। 4) स्वर्ण जयन्ती वर्ष होने के कारण विशेष कार्यक्रमों का आयोजन । 5) नरवा , गरूवा, घुरवा व बारी के विकास हेतु क्रियान्वयन। 6) पीएफएमएस के ईएटी माड्यूल का क्रियान्वयन।

उक्त बैठक में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. समरेन्द्र सिंह, राज्य स्तरीय मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समिति के सदस्य डॉ. विमल पटेल, डॉ. ए.एल.एस. चंदेल, डॉ. अब्दुल करीम, कार्यक्रम समन्चयक डॉ. आर.पी.अग्रवाल, डॉ. नीता बाजपेयी, डॉ. अनिल सिन्हा, डॉ. डी.एल.पटेल, डॉ. एस.आर.ठाकुर, डॉ. ब्रजेश तिवारी तथा जिला संगठक डॉ. संजय तिवारी, डॉ. बी.के. पटेल, डॉ. एस.के.एक्का, डॉ. वाई.के.तिवारी, डॉ.चन्द्रशेखर सिंह एवं डॉ. देवेन्द्र शुक्ला, युगेश्वर चन्द्राकर उपस्थित थे।

## विश्व एड्स दिवस संगोष्ठी

01 दिसम्बर, 2019 को विश्व एड्स दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र, छात्राओं ने नाटक की प्रस्तुति देकर एड्स से बचाव के उपाय बताए। साथ ही वक्ताओं ने जागरूकता और सावधानी को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. वंशगोपाल ने कहा इस तरह के कायक्रम में समाज और युवा दोनो जागरूक होते हैं एवं देश और समाज का निर्माण होता है साथ ही बीमारियों का भी अंत होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ.बी.पी. चन्दा ने कहा कि एड्स पर जागरूकता, सावधानी, और उपायों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। डॉ. नोहन गुप्ता ने कहा कि बच्चों को इससे होने वाली चूक तथा सावधानी पर ध्यान देने कहा। अलग–अलग महाविद्यालय एवं विद्यालय द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स की जागरूकता और समाधान की प्रस्तुत दी जिसमें प्रथम स्थान जे.पी.वर्मा महाविद्यालय को मिला। दूसरा स्थान डी.पी.विप्र महाविद्यालय और तीसरा स्थान खालसा उ.मा.विद्यालय को दिया गया सांत्वना पुरस्कार डी.पी.विप्र लॉ महाविद्यालय को दिया गया। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के नगर स्थित रासेयो विद्यालय, महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारियों एवं लगभग 300 छात्र,छात्राएँ ने इसमें सहभागी रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग)

### विश्व पर्यावरण दिवस

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में दिनांक 05 जून, 2019 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राश्ट्रीय सेवा योजना एवं विश्वविद्यालय के तत्वाधान में पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया जिसमें विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों ने पौधों का रोपण किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. जी.डी. शर्मा, कुलसचिव, डॉ. सुधीर शर्मा, परीक्षा नियंत्रक, डॉ. पी.के. पाण्डेय, सहायक कुलसचिव, श्रीमती नेहा यादव, श्री शैलेन्द्र दुबे, रासेयो समन्वयक, डॉ. मनोज सिन्हा, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के शिक्षक डॉ. डी. कलाधर, प्रो. गौरव साहू, प्रो. हैरी जार्ज, अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। पर्यावरण के सन्तुलन एवं पानी की समस्या को दूर करने के इस पहल में विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों ने सहयोग किया।

## कृषि कार्य में जीव-जंतु भी किसानों की करते हैं मदद



## मशरूम आय का अच्छा साधन, एनएसएस कैडेट्स ने सीखा कैसे होता है उसका उत्पादन



## एनएसएस के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली




**बिलासपुर।** भारत माता हिंदी माध्यम स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए रैली निकाली। छात्रों ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने व कपड़े के थैले का उपयोग करने के लिए दुकानदारों एवं लोगों से अपील की। अपने आसपास स्वच्छ रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर नरोत्तम यादव, अभिजीत दास और मुकेश कश्यप सहित स्वयंसेवक मौजूद रहे।




## प्लास्टिक के खिलाफ चली मुहिम

**बिलासपुर@पत्रिका** राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय ई. राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय द्वारा प्लास्टिक के थैले एवं प्लास्टिक की चीजें उपयोग में न लाने के लिए मुहिम चलाई गई। इसके तहत बैमा नगोई महामाया मंदिर में प्लास्टिक के थैले की बजाय कपड़े के थैले का उपयोग में लाने [illegible] किया गया। साथ ही कपड़े के थैले बांटे गए। इस मुहिम [illegible] सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. [illegible]। इस दौरान अक्षत तिवारी, आशुतोष [illegible] शर्मा आदि शामिल रहे।

**आयोजन** कृमि मुक्त दिवस की पूर्व संध्या पर निकाली रैली

## स्वस्थ भारत के लिए जागरूकता जरूरी



## कृमि मुक्ति दिवस पर सीएमडी कॉलेज से निकली रैली, किया गया जागरूक









## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में दिनांक 21 जून, 2019 को विश्व योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विश्वविद्यालय के योगा विभाग तत्वाधान प्रातः योगाभ्यास किया गया। योग दिवस में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी संदेश "योग करें निरोग रहें" को छात्र–छात्राओं को बताया गया। तत्पश्चात् विश्व योग दिवस के प्रोटोकाल के तहत योगा अभ्यास किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं योगा विभाग द्वारा योग दिवस के दिन जागरूकता रैली निकाली गयी जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की नगर इकाई से लगभग 200 छात्र–छात्रायें इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

















## अरपा बचाव अभियान

बिलासपुर अरपा नदी की गोद में बसा हुआ एक शहर है। अरपा बिलासपुर की जीवन दायनी नदी कहा जाता है। अरपा को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने अपनी सहभागीता प्रदान की। अरपा को स्वच्छ बनाने हेतु सभी छात्र–छात्रायें, स्वयं सेवक, पहर के नागरिकों ने शपथ लिया। इस कार्यक्रम में रासेयो के स्वयं सेवकों एवं अधिकारीयों के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जी.डी. शर्मा ने भी श्रमदान किया। अरपा को स्वच्छ एवं सुंदर बानाने की इस पहल में अलग–अलग शिक्षण संस्थान, विभाग के लगभग 2000 छात्र / छात्रायें, अधिकारी एवं








## रक्तदान शिविर

18 जुलाई, 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर के सहयोग से अपोलोहॉस्पिटल की ब्लड बैंक इंचार्ज और विषय विशेषज्ञ डॉ. प्रेरणा मोहन वर्मा जी के माध्यम से विश्वविद्यालय में इस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य छात्र–छात्राओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। इस शिविर में लगभग 350 छात्र–छात्राओं का रक्तवर्ग परिक्षण किया गया।









## व्हाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम

दिनांक 22.08.2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के रासेयो इकाई द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं जल के संरक्षण हेतु न्यूनतम लागत में व्हाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे नगर निगम बिलासपुर के अतिरिक्त कमिश्नर श्री खजांची कुम्हार जी एवं अध्यक्षता विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू ने की, इस कार्यक्रम में श्रीमती रेवा कुलश्रेष्ठ, स्वयं सेवक आशुतोष सिंह, ईश्वर धनकर, निशु जैन, विकास कर्श, श्रीकांत, हर्शित सिंह व समस्त छात्र–छात्रायें उपस्थित थे।









## गोद ग्राम में टी.बी. के मरीजों के लिए जागरूकता अभियान

दिनांक 25 सितम्बर 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए गोद ग्राम देवरीखुर्द काठाकोनी, तखतपुर में विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम में टी.बी. के मरीजों की जानकारी तथा उन्हें मदद पहुंचाने हेतु ग्राम में रासेयो इकाई के द्वारा गांव में सर्वे किया गया। जिसमें ग्राम अधिकारी तथा छात्रों ने ग्राम के आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र तथा गांव का भ्रमण करके कई मरीजों तथा उनके रहन–सहन के तौर–तरीकों के बारे में जाना, तथा उन्हें उचित जलपान करने एवं अधिक संक्रमण से बचने के उपाय से अवगत कराया। ग्राम के सर्वे के दौरन 3 टीबी के मरीज पाए गए।

कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गौरव साहू के द्वारा ग्राम के माध्यमिक षाला तथा महामाया गुड़ी में ग्राम के सम्मानितजनों की उपस्थिति में लोगों को व बच्चों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां भी उपलब्ध कराई गई।

ग्राम में इस सेवा के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गौरव साहू, वालेंटियर्स श्रीकांत सिंह, सूरज सिंह राजपूत, हर्शित सिंह, आशीष कुमार, विकास कर्प, अनिकेत यादव, नरेन्द्र, वेद प्रकाश एवं योगेश उपस्थित रहे।







## गोद ग्राम देवरीखुर्द काठाकोनी में पोषण आहार की जानकारी

27 सितम्बर 2019 को विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों के द्वारा विश्वविद्यालय के गोद ग्राम देवरी खुर्द काठाकोनी में पोषण आहार एवं कुपोषण जागरूकता अभियान के तहत ग्राम के कुपोषित बच्चों एवं स्कूल के छात्र–छात्राओं को तथा गर्भवती महिलाओं को पौस्टिक फल वितरण किया गया साथ ही गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों का वनज एवं ऊंचाई का मापन किया गया। ग्राम में 4 कुपोषित बच्चे पाए गए जिसकी समय–समय पर जाँच की जाएगी एवं उचित सलाह दिया गया।

उन्हें जरूरी बातें बताई गई ग्राम के डॉक्टरों ने 11 गर्भवती महिलाओं की बीपी की जाँच किये एवं फल प्रदान किये एवं 9 माह के पोषण आहार चार्ट भी दिया गया। ग्राम के महामाया मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम स्वयं सेवक ईश्वर धनकर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। स्वयं सेवकों ने ग्राम के तालाब से पॉलिथीन को निकाला साथ ही आस–पास [illegible] की इस कार्यक्रम का संचालन आशुतोष सिंह वरिश्ठ स्वयं सेवक ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम के सरपंच श्री विनोद कौशिक जी एवं विशिष्ठ अतिथि विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अधिष्ठाता डॉ. एच. एस. होता ने खाने में प्रोटीन की महत्व के बारे में बताया एवं एक विकलांग बच्चे के उपचार के लिये अपोलो हॉस्पिटल में बात भी की। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा जी ने इस कार्यक्रम से सभी लोगो को जागरूक किया साथ ही कुपोषण के बारे में विस्तार से बताया। गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार में क्या खाना चाहिये उसके बारे में बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू जी ने ग्राम के लोगो को कुपोषण से लड़ने के लिये जागरूक किया साथ उनकों संतुलित भोजन लेने की सलाह दी एवं आने वाले महीने में विशाल हेल्थ चेकअप रखने की रूपरेखा स्वास्थ कार्यकर्ता एवं सरपंच के सलाह से आयोजित करने की बात कही। इस कार्यक्रम प्रो. यतीन्द्र कौशिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यशोदा कौशिक का विशेष योगदान रहा जिसका प्रो. गौरव साहू जी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

### ग्राम गोद में पोषण को लेकर जगाई अलख

बिलासपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय यूटीडी के राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के गोद ग्राम देवरीखुर्द काठाकोनी में पोषण को लेकर जागरूकता की अलख जगाई।

पोषण आहार एवं कुपोषण जागरूकता अभियान के तहत कुपोषित बच्चों व स्कूल के छात्र-छात्राओं और गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक फल वितरण किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों का वजन-ऊंचाई मापन भी किया। इस दौरान चार कुपोषित बच्चे पाए गए। उनकी समय-समय पर जांच कर उचित सलाह देने की बात कही गई। संचालन आशुतोष सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच विनोद कौशिक, विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय छात्र संघ अधिष्ठाता डॉ. एचएस होता रहे। इस अवसर पर एनएसएस के समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू, प्रो. यतीन्द्र कौशिक समेत अन्य उपस्थित रहे।



बिलासपुर। जागरूकता कार्यक्रम मे शामिल रासेयो के विद्यार्थी।



## माहात्मा गांधी जयंती

02 अक्टूबर, 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग इकाई द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में ''स्वच्छता ही मानव सेवा'' विषय पर साफ–सफाई कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में माननीय कुलपति एवं कुलसचिव द्वारा माहात्मा गांधी जी को याद करते हुए उनके सपने को संभव बनाने की एक पहल करते हुए माननीय कुलपति प्रो. जी.डी. शर्मा ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय को पालिथिन मुक्त परिसर की घोषणा की एवं उपस्थित सभी स्वयं सेवकों एवं छात्र–छात्राओं को स्वच्छता की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के कार्यक्रम अधिकारी (रासेयो) प्रो. गौरव साहू ने गांधी जयंती को युवा सप्ताह मानने की घोषणा करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों की घोषणा की। कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय परिसर की साफ–सफाई किया गया। रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा आमजन तक सफाई एवं स्वच्छता का संदेश देने हेतु विश्वविद्यालय परिसर के बाहर सफाई एवं स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़–नाटक भी किया गया।










### गांधी जयंती पर यूटीडी में नुक्कड़ नाटक

## चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता



03 अक्टूबर, 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा पोस्टर मेंकिंग तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जो महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती को गांधी सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय के पोस्टर मेंकिंग तथा चित्रकला प्रतियोगिता में समस्त विभागों के छात्र/छात्राओं को No Plastic तथा Traffic Awarness विषयों पर अपनी कला कागजो पर प्रदर्शित करनी थी। इस विषय आधारित पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में आज लगभग 100 की संख्या में छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायकगण के रूप में श्री शैलेन्द्र दुबे, सहायक कुलसचिव एवं डॉ. सीमा ए बेलोरकर, सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

कार्यक्रम के संयोजक तथा विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू ने बताया की भारत सरकार द्वारा भी पॉलिथिन के खिलाफ "सिंगल यूज पॉलिथिन" के रूप में व्यापक रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इसी तत्वाधान में विश्वविद्यालय द्वारा भी कई कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित कर स्वच्छता तथा ट्रैफिक नियमों पर जागरूकता [illegible] हेतु अपनी सहभागिता निभाई जा रही है तथा विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में दिनांक 15.10.2019 को विभाग स्तरीय क्लीन एण्ड ग्रीन डिपार्टमेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम के विजेता No Plastic विषय में प्रथम कामर्स विभाग के ऋषभ साहू, द्वितीय सृष्टि शर्मा, तृतिय हिदायत अली रहे। Traffic Awarness विषय पर प्रथम कम्प्यूटर विभाग के प्रवीण देवांगन द्वितीय संस्कृति गुप्ता तथा तृतीय खुशी वलेचा रही। इस कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट रूप कामर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा पाण्डेय, प्रो. गौरव साहू, प्रो. सौमित्र तिवारी, डॉ. सुमोना भट्टाचार्य, प्रो. हामिद अबदुल्ला, प्रो. यशवंत कुमार पटेल, गुलाब सिंह तथा वालिंटियर्स विकास कर्ष, राहुल तिवारी, पवन, ईश्वर, हर्षित, सौरभ, अनिकेत, अमन, सुरज सिंह, तथा समस्त विभागों के छात्र/छात्रायें उपस्थित थे।



## वृहद मानव श्रृंखला

04 अक्टूबर, 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा वृहद मानव श्रृखला बनाकर प्लास्टिक बंद करने के लिए जागरूक किया। महात्मा गाधी जी की 150वीं जयंती को गांधी सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओ ने अपने स्वयं के द्वारा बनाये पोस्टर के द्वारा गांधी चौक से डी.पी. विप्र महाविद्यालय तक वृहद मानव श्रृंखला बनाकर लोगो में प्लास्टिक बंद करने के लिए जागरूक किया। इस मानव श्रृंखला को विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. जी.डी. शर्मा एवं कुलसचिव, डॉ. सुधीर शर्मा जी ने हरी झंडी दिखाकर किया।









नैक भास्कर

05-Oct-2019
Page 4

श्रृंखला बना, थैले बांटकर लोगों को जागरूक किए छात्र

बिलासपुर। अटल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने मानव श्रृंखला ...






## रंगोली प्रतियोगिता

05 अक्टूबर, 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती को विश्वविद्यालय द्वारा गांधी सप्ताह के रूप में मानया जा रहा है। शिक्षण विभाग में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता को नो प्लास्टिक यूज़ तथा जल शक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आधारित था। रंगोली प्रतियोगिता में सभी विभागों के लगभग 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक तथा विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू ने बताया कि सरकार द्वारा व्यापक रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जनभागी अभियान चलाया जा हरा है इसलिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रतियोगिताओं को सरकार के पॉलिथीन अभियान के अनुरूप रखा गया है। आज के कार्यक्रम के प्रभारी प्रो. श्रीया साहू ने कहा कि छात्र–छात्राओं के द्वारा आज बड़ी ही आकर्षक रूप से रंगोली कला आधारित विषय पर प्रदर्शित किया है जो कि सराहनीय है।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में दिव्या, निशा और पवन चन्द्रा ने प्राप्त किया। द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमशः कम्प्यूअर विभाग के हर्शित, आंचल, लोकिता और सिमरन, दिव्या, बबीता को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में डॉ. पूजा पाण्डेय तथा श्रीमती रेवा कुलश्रेष्ठ रही।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से छात्र अधिष्ठाता डॉ. एच.एस. होता, रासेयो अधिकारी प्रो. गौरव साहू, प्रो. श्रिया साहू, प्रो. अलका शर्मा, प्रो. मनोज मिंज तथा वालिंटियर्स सूरज सिंह, राहुल तिवारी, ईश्वर धनकर, आंचल राठौर, सोनम साहू, उमाशंकर, आशीष तथा सभी विभागों के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।






**रंगोली प्रतियोगिता में दिव्या ने हासिल किया प्रथम स्थान, द्वितीय निशा व तृतीय पवन रहे**



बिलासपुर | अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षण विभाग में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता को नो प्लास्टिक यूज और जल शक्ति विषय आधारित किया गया था। इसमें विभिन्न विभागों के लगभग 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में दिव्या, निशा, पवन चंद्रा रहे। द्वितीय हर्षिता, आंचल, लोकिता और तृतीय सिमरन, दिव्या, बबीता रहीं। निर्णायक प्रो. पूजा पांडेय व प्रो. रीवा कुलश्रेष्ठ रहीं। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रो. गौरव साहू, डॉ. एचएस होता, प्रो. श्रिया साहू, अलका शर्मा, मनोज मिंज, सूरज सिंह, राहुल तिवारी, ईश्वर धनकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## स्वच्छता रैली

11 अक्टूबर, 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य सभी लोगों में स्वच्छता का अलख जगाना था। सभी स्वयं सेवकों द्वारा इस रैली के दौरान नारे लगाया गया। आस–पास की सफाई की गई। स्वच्छता ही मानव सेवा पर आधारित रैली गांधी चौक से पुराना बस स्टेंड तक चलाया गया। स्वयं सेवकों द्वारा बस स्टेण्ड में नुक्कड़–नाटक के द्वारा पॉलिथिन बंद करने का संदेश दिया गया।





### मानसिक स्वच्छता भी जरूरी



अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छता, नुक्कड़ नाटक तथा प्लॉगिंग रेस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर जीडी शर्मा ने कहा कि हमें अपनी मानसिक स्वच्छता भी रखना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। कुलसचिव डॉ सुधीर शर्मा ने कहा कि हमें स्वच्छता का संकल्प लेना चाहिए मिलकर। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गौरव साहू ने छात्रों को पॉलिथिन मुक्त कुटीर तथा पॉलिथिन मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए विभिन्न स्वच्छता संबंधी संदेश छात्रों के समक्ष दिए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एचएस होता ने किया। इस अवसर पर आशुतोष सिंह, हर्षित सिंह, सूरज सिंह राजपूत, ईश्वर धनकर, आशीष, श्रीकांत अमन, प्रकाश सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### अटल यूनिवर्सिटी

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के टीचिंग डिपार्टमेंट के एनएसएस के छात्रों ने कैंपस में कुलपति प्रो. जीडी शर्मा, कुलसचिव डॉ. सुधीर शर्मा, डीएसडब्ल्यू डॉ. एचएस होता और एनएसएस प्रभारी प्रो. गौरव साहू के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया। इसके साथ ही नुक्कड़-नाटक से पॉलिथीन का उपयोग बंद करने संदेश दिया।



## क्लीन एण्ड ग्रीन डिपार्टमेंट प्रतियोगिता

दिनांक 15 अक्टूबर 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.जी.डी. शर्मा के द्वारा क्लीन एण्ड ग्रीन डिपार्टमेंअ प्रतियोगित्ता का शुभारंभ किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं को कक्षा सज्जा तथा डिपार्टमेंट की स्वच्छता हेतु पुरस्कृत किया जाना है। विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि स्वच्छता के साथ–साथ स्वस्थता भी अति आवश्यक है, शुरुआत में स्वच्छता अभियान छोटे स्तर पर थी जो बढ़कर अब मास आकार ले चुकी है। उन्होंने क्वालिटी ऑफ एजुकेशन, स्वास्थ्य संबंधी विषय पर व्याख्यान दिए। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. गौरव साहू ने बताया कि यह प्रतियोगिता लगातार 30 दिनों तक चलेगी। जो विशेष विषयों पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिसमें हर विभाग के छात्र–छात्राएं सम्मिलित होकर डिपार्टमेंट की स्वच्छता सुंदरता के लिए न्यूनतम कॉस्ट फ्री आईडिया से काम करेंगे तथा इन सभी प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित कुलसचिव, डॉ. सुधीर शर्मा जी ने भारत की जनसंख्या और तकनीकी संबंधी विषयों पर छात्रों को व्याख्यान दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र–छात्रायें सम्मिलित हुए।





अटल विवि में क्लीन एंड ग्रीन डिपार्टमेंट प्रतियोगिता




## निबंध प्रतियोगिता

16 अक्टूबर, 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती को विश्वविद्यालय द्वारा गांधी सप्ताह के रूप में मानया जा रहा है। शिक्षण विभाग में आयोजित निबंध प्रतियोगिता ''एक राष्ट्र एक चुनाव, समस्याएं एवं अवसर'' विषय पर आधारित था। निबंध प्रतियोगिता में सभी विभागों के लगभग 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक तथा विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गौरव साहू ने बताया कि ''एक राष्ट्र एक चुनाव, चुनौती एवं अवसर'' विषय पर निबंध लिखने छात्र–छात्राओं में जबरदस्त उत्साह दिखाया।

